कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कासगंज।

अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा निर्गत पत्र सं0 2968/एडमिन (बी-1) सेक्शन दिनांकित 30.09.2023 के अनुक्रम में वित्तीय वर्ष 2023-2024 की शेष अवधि (दिनांक 16.11.2023 से 31.03.2024 तक) के लिये जनपद न्यायालय कासगंज के 18 न्यायालय भवन स्थित मामों, कासगंज में **कार/मोटर साईकिल/ साईकिल स्टैण्ड ठेके की नीलामी हेतु दिनांक 09.11.2023 को समय 2:00 बजे तक** कार्यालय केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय कासगंज सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 09.11.2023 को समय 4:30 बजे नीलामी समिति के समक्ष खोली जायेंगी।

निविदा हेतु नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1- ठेके की अवधि वित्तीय वर्ष 2023-2024 की शेष अवधि (दिनांक 16.11.2023 से दिनांक 31.03.2024 के लिये) तक रहेगी।

2- सबसे उच्च मूल्य की निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदा के साथ पहचान पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

3- ठेके की धनराशि का 1/2 भाग उसी समय जमा करना होगा, शेष 1/4 भाग माह दिसम्बर 2023 में एवं शेष 1/4 भाग माह फरवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में जमा करना होगा।

3A- ठेका कार/मोटर साईकिल/ साईकिल स्टैण्ड वित्तीय वर्ष 2022-23 में ठेका 14,05,000/- रुपये में छोड़ा गया था। इस प्रकार पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10 प्रतिशत बढ़ाकर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में बचे/शेष समय के अनुपात में आरक्षित बोली कुल मु0 5,79,562/- रुपये से निविदा आमंत्रित की जायेगी।

4- निविदा प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति प्रतिबंधित सूची के अन्तर्गत न आता हो और कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही किसी भी प्रकार का मामला विचाराधीन हो।

5- निविदा स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश कासगंज के पास सुरक्षित रहेगा।

6- ठेकेदार को अपने निर्धारित स्थान व आस-पास की साफ सफाई की व्यवस्था स्वयं करनी होगी एवं माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं0 139 दिनांक 18.03.1979 के अनुसार वाहन पार्किंग की दर सूची प्रभारी अधिकारी केन्द्रीय नजारत जनपद न्यायालय कासगंज द्वारा सत्यापित करा कर ऐसे स्थान पर लगानी होगी जहाँ से सूची को आसानी से देख सके।

7- ठेकेदार ठेके की अवधि में उपभोग की गयी विद्युत का खर्चा स्वयं वहन करेगा।

8- ठेकेदार के पक्ष में छोडे गये ठेके की धनराशि के मूल्य के जमानत प्रपत्र प्रस्तुत करने होगें एवं जिस व्यक्ति के नाम ठेका होगा उसे माननीय उच्च न्यायालय के प्रपत्र सं0 31/S दिनांकित 16.03.1988 में दी गयी शर्तों के अनुसार ठेकेदार को निविदा स्वीकृति के पश्चात 100/- रुपये का स्टाम्प पेपर ले कर आना होगा और अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा।

दिनांक-08.11.2023

08.11.23

(गगन कुमार भारती)

अध्यक्ष, नीलामी समिति

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0 03

कासगंज।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, कासगंज।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 की शेष अवधि दिनांक 16.11.2023 से 31.03.2024 तक न्यायालय परिसर, कासगंज के विभिन्न ठेकों हेतु निविदा फॉर्म

निविदा जिस ठेके हेतु प्रस्तुत, का नाम:-...................................

प्रथम पक्ष:-

निविदाकर्ता का नाम :-..

पिता का नाम :-..

स्थायी पता :-..

....

वर्तमान पता :-..

....

मोबाइल नं0 :-..

आधार नं0 :-..

ई-मेल आई 0 डी0 :-..

आवेदित ठेके की प्रस्तावित धनराशि :-..

अनुज्ञाप्तिदाता:- ठेका नीलामी समिति, जनपद न्यायालय, कासगंज।

चालू वित्तीय वर्ष में बचे/शेष समय के अनुपात में ठेका नीलामी की आरक्षित बोली की राशि का विवरण निम्नवत है।

क्रम सं0	नीलामी की विषय वस्तु	वर्तमान न्यूनतम धनराशि
1	कार/मोटर साईकिल/ साईकिल स्टैण्ड	मु0 5,79,562 /- रुपये,

निविदा की शर्तें निविदा सूचना में अंकित है। निविदा फार्म प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता के द्वारा बन्द निविदा के साथ पहचान-पत्र जैसे मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न करना आवश्यक होगा।

नोट:- सील बन्द निविदा दिनांक 09.11.2023 को समय 02:00 बजे तक प्राप्त/स्वीकार होंगी तथा दिनांक 09.11.2023 को समय 04:30 बजे निविदाकर्ता की उपस्थिति में ठेका नीलामी समिति के समक्ष खोली जायेगी।

मुझे निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार है।

हस्ताक्षर

निविदाकर्ता(प्रथम पक्ष)..............................

पिता का नाम:-..............................

पता :-..............................

....

मोबाइल नं0 :-..............................